राजस्थान सरपंच संघ एवं राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ (पंजी) जयपुर

क्रमांक :— दिनांक :— 14.06.2024

श्रीमान् अति. मुख्य सचिव महोदय,
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

श्रीमान् शासन सचिव एवं आयुक्त महोदय,
पंचायती राज विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

विषय :— जल जीवन मिशन योजना के संचालन और संधारण के लिए ग्राम पंचायतों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन है कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत समस्त संसाधनों का निर्माण जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा किया गया है, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों से किसी भी प्रकार का समन्वय स्थापित नहीं किया गया है।

अब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के द्वारा ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों पर जल जीवन मिशन योजना को हस्तांतरित करने तथा इनका संचालन एवं संधारण करने के पर होने वाले समस्त व्यय को वहन करने के विभिन्न प्रमाण पत्र तथा दस्तावेज तैयार करने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

श्रीमान जी ग्राम पंचायतों के पास जल जीवन मिशन में निर्मित वृहत योजनाओं के संचालन संधारण पर होने वाले व्यय के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है। यदि ग्राम पंचायत को प्राप्त केंद्रीय एवं राज्य वित्त आयोग की राशि से जल जीवन मिशन योजना का संचालन एवं संधारण प्रारंभ कर दिया गया तो अन्य समस्त प्रकार के विकास कार्य पूरी तरह बाधित हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त इनके संचालन के लिए ग्राम पंचायतो में मानव संसाधन भी उपलब्ध नहीं है।

राजस्थान सरपंच संघ एवं राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के द्वारा ग्राम पंचायतो में पूर्व में संचालित जनता जल योजना में होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति के लिए 4 वर्षों तक लगातार संघर्ष करने पर विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए वास्तविक समस्याओं के दृष्टिगत जनता जल योजनाओं को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को हस्तांतरित किया गया था।

अब पुनः जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जनता जल योजनाओं से 5 गुना बड़ी जल जीवन मिशन योजना को ग्राम पंचायत को सौंपने का प्रयास किया जा रहा है।

श्रीमान जी इस संबंध में पूर्व में विभाग स्तर पर विरोध दर्ज करवाया जा चुका है। जिसके अध्ययन के लिए विभाग स्तर पर समिति का गठन भी किया गया है, जिसकी अब तक कोई बैठक आयोजित नही हुई हैं।

जल जीवन मिशन योजना को बिना वित्तीय प्रावधान तथा मानव संसाधन के ग्राम पंचायत को थोपने का जो प्रयास किया जा रहा है, राजस्थान सरपंच संघ एवं राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ इसको पूर्णतया अस्वीकार करता है तथा आपसे सादर आग्रह है कि जल जीवन मिशन योजना के संसाधनों का संचालन एवं संधारण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की द्वारा ही करवाने के निर्देश प्रदान करते हुए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव से मुक्ति दिलवाने का श्रम करें।

सादर

भवदीय

प्रदेश अध्यक्ष
राज0ग्राम विकास अधिकारी संघ,जयपुर

प्रदेश अध्यक्ष
राजस्थान सरपंच संघ,जयपुर